तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 19.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024



12 सात नाकों पर पुलिस का कड़ा पहरा





12 1.91 करोड़ से टांगरी नदी पर बन रहा कॉज वे




## खबर संक्षेप

### रैली में हिस्सेदारी लेने का किया आग्रह

**बराड़ा।** भाजपा नेत्री व जिला महामंत्री महिला मोर्चा सोनिया परोचा ने क्षेत्र वासियों को आगामी 8 अप्रैल को अनाज मंडी में होने वाली सीएम नायब सैनी की हरियाणा आगमन रैली में भाग लेने की अपील करते की।

### खड़े टाटा कैंटर के केबिन में लगी आग

**अंबाला।** टंगैल रोड़ पर घर के बाहर खड़े टाटा कैंटर के केबिन में अचानक आग लग गई । जिसे घर में मौजूद महिला ने देख लिया और अपने बेटे को बताया । जिन्होनें तुरंत आसपास के लोगों के साथ मिलकर पानी से आग पर काबू पाया। गाड़ी मालिक घर पर मौजूद नहीं था। गनीमत रही कि महिला ने समय रहते कैंटर के केबिन में लगी आग को देख लिया अन्यथा सारा ट्रक जलकर राख हो जाता । कैंटर का केबिन आग से जलकर राख हो गया ।

### तलाकशुदा महिला के साथ किया दुष्कर्म

**पानीपत।** पानीपत की एक कॉलोनी के घर में घुसकर एक महिला के साथ उसके तलाकशुदा पति ने रेप किया। इतना ही नहीं, महिला के साथ मारपीट भी की। आरोपी को स्थानीय लोगों ने मौके पर ही पकड़ कर पुलिस को बुलाया, तो पुलिस ने उसे छोड़ दिया। अब आरोपी महिला की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर रहा है। कथित पीडिता ने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से कर न्याय की गुहार लगाई है।

### पानीपत रेलवे स्टेशन पर फौजी से नकदी ठगी

**पानीपत।** पानीपत रेलवे स्टेशन पर सैन्य कर्मी महफूज अली निवासी गांव कुकरझुंडी, जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश के साथ दो युवकों ने 80 हजार रुपये की ठगी कर ली। दो युवकों ने महफूज से मदद मांगने के बहाने महफुज को अपना शिकार बनाया। आरोपी महफूज का मोबाइल भी अपने साथ ले गए। वहीं फौजी महफूज की शिकायत पर थाना सिटी पुलिस ने दो अज्ञात युवकों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### समालखा के पास हादसे में महिला की मौत

**पानीपत।** पानीपत के कस्बा समालखा के पास लघुशंका के लिए फोन लाइन क्रॉस कर रही सीमा पत्नी दलीपचंद निवासी कैथल की अज्ञात बाइक चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में सीमा की मौत हो गई। सीमा अपने रिश्तेदारों कृष्णजीत व जीतराम के साथ कार में सवार होकर फिरोजबाद जा रही थी। इधर, थाना समालखा पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 7 अप्रैल को

**इंद्री ।** स्व श्रीमती रामप्यारी की याद में जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन 7 अप्रैल को टपरियों धर्मशाला में किया जाएगा।

# श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर में नवरात्रि उत्सव की तैयारियां जोरों पर

तरूण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र



शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में आगामी चैत्र नवरात्र धूमधाम से मनाए जाएंगे। इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। भद्रकाली सेवक मंडल के सदस्य रामपाल लाठर ने चैत्र नवरात्रि उत्सव की जानकारी देते हुए कहा कि हमारी सनातन संस्कृति व हिन्दू धर्म में नवरात्रि उत्सव व दुर्गा पूजा का विशेष महत्व है। पूरे भारत वर्ष में यह उत्सव शुरू हो रहा है जिसे बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस

## विदेशी फूलों से महकेगा शक्तिपीठ, उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह

वर्ष भी झांसा रोड स्थित शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर में महाशक्ति की महापूजा का महापर्व नवात्रि उत्सव 9 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 16 अप्रैल को श्रीदुर्गाष्टमी के साथ सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि नवरात्रि उत्सव को लेकर मंदिर प्रांगण में तैयारियां जोरों पर है। मंदिर को फूलों व सुंदर लड़ियों के साथ सजाया रहा है। नवरात्रि उत्सव के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह है। भद्रकाली सेवक मंडल के सदस्य रामपाल लाठर ने बताया कि 8 अप्रैल को प्रात 6 बजे मंगला आरती, प्रात 8 बजे कलश स्थापना, 9 बजे ध्वजारोहण, दोपहर 1 बजे मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं भंडारा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे, भजन संध्या 4 बजे से 7 बजे तक तथा सांय 7 बजे मां की पवित्र ज्योति के साथ महाआरती होगी। उन्होंने बताया कि इस बार विदेशी फूलों से मंदिर को सजाया जा रहा है।

### मां भद्रकाली के दर्शन से होती है सुख-समृद्धि की प्राप्ति



भद्रकाली सेवक मंडल के सदस्य रामपाल लाठर ने कहा कि मां भ्रद्रकाली के दर्शन करने से मनुष्य के जीवन में जहां सुख-समृद्धि का वास होता है वहीं सभी चिंताओं से मुक्ति भी मिलती है। जो भी व्यक्ति शक्तिपीठ श्री देवी कूप मां भद्रकाली मंदिर में दर्शन के लिए आता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। इन नौ दिनों में आदिशक्ति मां भगवती के नौ स्वरूपों की पूजा होती है। जिसमें शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री का पूजन भक्त श्रद्धापूर्वक करते है। नवरात्रि का हर दिन देवी के विशिष्ट रूप को समर्पित होता है और हर देवी स्वरूप की कृपा से अलग-अलग तरह के मनोरथ पूरे होते है।

### मां के दर्शनों के लिए किए गए है विशेष प्रबंध

पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सानिध्य में यह उत्सव बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। जिसमें सभी सेवक मंडल के सदस्यों की ड्यूटियां लगाई जा चुकी है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नियम पालना के साथ पूजन की व्यवस्था, भंडारे को सुचारू रूप से चलाने, प्रसाद वितरण, जलसेवा की व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता, जोड़ा सेवा आदि के लिए विशेष प्रबंध किए गए है।

# स्पिनिंग मिल मजदूर मांगों को लेकर गरजे




पानीपत। स्पीनिंग मिल मजदूर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ न्यूनतम वेतन व श्रम कानून लागू करवाने की मांग

इंडस्ट्रियल वर्कर यूनियन पानीपत संबंधित सीटू के नेतृत्व में स्पिनिंग उद्योग के सैकड़ों मजदूरों ने न्यूनतम वेतन व श्रम कानून लागू करवाने की मांग को लेकर विशाल रोष प्रदर्शन लघु सचिवालय पानीपत पर डिप्टी लेबर कमिश्नर पानीपत कार्यालय के सामने किया गया। सीटू राज्य सचिव का. विनोद देशवाल ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र व राज्य की सरकारों की मजदूर विरोधी नीतियों के चलते देश का मजदूर वर्ग को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। देश और दुनिया में पानीपत की पहचान टेक्सटाइल के उद्योगों के रूप में स्थापित है लाखों की संख्या में मजदूर कार्य करते हैं। लेकिन उद्योगों में श्रम कानून की पालना नहीं होती। मजदूरों के हाजिरी रजिस्टर में नाम दर्ज नहीं है। कार्य करते समय भी कोई सुरक्षा नहीं है। प्रतिदिन मजदूर दुर्घटना का शिकार होते हैं और विकलांग हो जाते हैं। उद्योग बूचडखाने बने हुए हैं। वहीं प्रदर्शनकारियों को इस अवसर पर सीटू जिला प्रधान सुनील दत्त, सचिव जय भगवान, कोषाध्यक्ष वीन सपड़ा ने संबोधित किया।

# रोडवेज कर्मियों ने मांगों को लेकर कर्मशाला के गेट पर किया प्रदर्शन

## प्रदर्शनकारियों ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम बस डिपो महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ मांगे और समस्याओं का समाधान नहीं होने पर बड़ा आंदोलन करने की दी चेतावनी

हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा बस डिपो यमुनानगर के रोड़वेज कर्मचारियों ने वीरवार को अपनी मांगों को लेकर गेट मीटिंग कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद रोडवेज कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम डिपो महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांगे जल्द पूरी नहीं किए जाने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी।

वीरवार सुबह हरियाणा रोड़वेज सांझा मोर्चा के बैनर तले



यमुनानगर में बस डिपो महाप्रबंक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए रोड़वेज सांझा मोर्चा के सदस्य।

बस डिपो यमुनानगर की रोड़वेज यूनियनों के प्रधान महिपाल सौदे, राजिंद्र कांबोज, मुकेश पोसवाल, जगजीत सिंह व रघबीर सिंह के नेतृत्व में सैंकड़ो रोड़वेज कर्मचारी कर्मशाला के गेट पर एकत्रित हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान रोड़वेज कर्मचारियों ने गेट मीटिंग की और सरकार की रोडवेज कर्मचारियों की मांगे अभी तक पूरी नहीं किए जाने पर कड़ी निंदा की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने डिपो महाप्रबंधक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मौके पर रोडवेज कर्मचारी नेता महिपाल सौदे ने कहा कि परिचालकों को ई टिकटिंग मशीन के लिए कवर सभी डिपो में दे दिए गए हैं। लेकिन यमुनानगर डिपो में अभी तक ई टिकटिंग मशीन के लिए कवर नहीं दिए गए हैं। मौक पर नन्द लाल कांबोज, नितिन कांबोज, मनीष कांबोज, बृज भूषण, संजय कुमार, संजीव कुमार, पवन कुमार,मुकेश कुमार, विपिन कुमार, आजाद सिंह व बलविंदर कुमार आदि मौजूद रहे।

### करनाल व हिसार सेंट्रल वर्कशॉप बंद करने का विरोध



**पिहोवा।** रोडवेज की करनाल व हिसार सेंट्रल वर्कशॉप को बंद करने के निर्णय के विरोध स्वरूप साझा मोर्चा के आह्वान पर रोडवेजकर्मियों ने दो घंटे बंद करके नारेबाजी की। प्रधान विनोद शर्मा, प्रदेश चेयरमैन बलदेव मामूमाजरा, मंच संचालक रामफल सिकरवाल, इंटक प्रधान तरसेम, महासंघ से सोनू आदि ने बताया कि दोनों वर्कशॉप में इंजन मरम्मत कार्य, पंप कार्य व टायर रिसोल कार्य की समीक्षा को लेकर कमेटी का गठन किया गया है। जानकारी मिली है कि गठन कमेटी कुछ सीमित समय को आधार मानकर खर्च अधिक होने के चलते दोनों वर्कशॉप को बंद करने की सिफारिश करने जा रही है। जिसका कर्मचारी विरोध करते हैं।कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो आंदोलन तेज करके हड़ताल की जाएगी।

# अनाज मंडी के आढ़तियों ने की अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

■ सरकार से आढ़तियों को गेहूं व धान पर ढाई प्रतिशत आढ़त दिए जाने की मांग

अनाज मंडी इंद्री मे आढ़तियों द्वारा की जा रही हड़ताल के चौथे दिन भी आढ़तियों ने विरोध प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की । मंडी प्रधान महेंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि हरियाणा स्टेट अनाज मंडी एसोसिएशन के आह्वान पर हरियाणा सरकार द्वारा आढ़तियों की मांगें नहीं माने जाने के विरोध में अनाज मंडी मे लगातार पिछले चार दिनों से 2 घंटे की सांकेतिक हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है लेकिन सरकार ने आढ़तियों की मांगों की



इंद्री। अनाज मंडी इंद्री मे अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते आढ़ती ।

ओर कोई ध्यान नही दिया है । उन्होंने कहा कि पांच अप्रैल को मंडी के आढ़ती अपनी मांगों का ज्ञापन जिला उपायुक्त को सौंपेंगे ।

### ये हैं मांगें

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आढ़तियों को गेहूं व धान पर ढाई प्रतिशत आढ़त दी जाए, मंडी में बिकने वाली सरसों की फसल पर आढ़तियों को आढ़त मिलनी चाहिए, फसल का भुगतान भी आढ़तियों के माध्यम से होना चाहिए आदि मांगे हैं । इस मौके पर काफी संख्या में आढ़ती मौजूद रहे ।

# आत्मदाह करने पहुंचे कई संगठनों के लोग

## हाईवे जाम करने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

■ प्रदर्शनकारियों ने आरोपी जेई को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर किया था हईवे जाम

■ हिंदू देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाला जेई गिरफ्तार

बिजली निगम के जेई द्वारा देवी-देवताओं के बारे में अभद्र टिप्पणी करने का मामले में अब नया मोड़ आ गया है। शहजादपुर माजरा की सरपंच, पूर्व सरपंच, जिला परिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन समेत हिंदू संगठनों से जुड़े लोग शहजादपुर के त्रिवेणी चौक पर आत्मदाह करने पहुंचे। यहां, प्रदर्शनकारियों ने आरोपी जेई की गिरफ्तार के साथ उनके ऊपर दर्ज हुए मुकदमे को वापस लेने की मांग रखी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों



अंबाला। आत्मदाह करने पहुंचे हिंदू संगठन के लोग। फोटो : हरिभूमि

को बताया कि आरोपी जेई को गिरफ्तार कर लिया है । मौके पर पहुंचे एसडीएम यश जालुका ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। एसडीएम ने कहा कि आरोपी जेई को गिरफ्तार करने के साथ ही बिजली निगम को कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। केस कैंसिल करने को लेकर उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारी अगले सप्ताह तक क्लियर करेंगे। इसके पश्चात हिंदू संगठन से जुड़े लोग शांत हुए और वापस लौटे। बता दें कि बुधवार को शहजादपुर थाने की पुलिस ने नेशनल हाईवे जाम करने वाले शहजादपुर माजरा की सरपंच, पूर्व सरपंच, पूर्व वाइस चेयरमैन समेत 20 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर दिया था। जिसके बाद पुलिस की कार्रवाई से भड़के हिंदू संगठनों के 11 लोगों ने वीरवार को शहजादपुर की त्रिवेणी चौक पर सामूहिक आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी। इन लोगों ने बुधवार देर रात भी पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की थी। बता दें कि गांव घडौली निवासी बिजली निगम के जेई तरसेम गोदिया ने अपने सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसके खिलाफ भगवान परशुराम सेवा दल के महासचिव प्रवीण शर्मा ने शहजादपुर पुलिस थाने को शिकायत सौंपी थी। यही नहीं, हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने सोमवार को भी जाम लगाया था। पुलिस ने आरोपी जेई के खिलाफ मामला दर्ज कर 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला जरूर दर्ज किया था, लेकिन गिरफ्तारी नहीं कर पाई थी। जिससे खफा होकर जाम लगा दिया था।

## दुकानदारों को दी दोबारा से सामान न रखने की चेतावनी

# निगम की टीम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत शहर के विभिन्न मार्गों से अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान उन्होंने सभी दुकानदारों को दोबारा सामान न रखने की चेतावनी भी दी।

टीम ने जगाधरी वर्कशॉप रोड पर महाराणा प्रताप चौक से आईटीआई तक चलाए अभियान के तहत सड़क के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा किया अतिक्रमण हटाया और सड़क पर रखा सामान जब्त किया। निगम के अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि उन्होंने फिर



यमुनानगर के जगाधरी वर्कशॉप रोड से अतिक्रमण हटाती निगम की टीम।

से सामान रखकर अतिक्रमण किया तो उनका सामान जब्त करने के साथ-साथ भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा।

### अतिक्रमण से सड़क पर खतरा

सफाई निरीक्षकों ने दुकानदारों को सड़कों पर अतिक्रमण न करने के लिए समझाया। उन्होंने दुकानदारों को समझाया कि सड़कों पर अतिक्रमण करने से रास्ते संकरे हो जाते हैं। जिससे जाम की स्थिति बनती है। इसके अलावा हादसों का खतरा बना रहता है। शहर को सुंदर, साफ व स्वच्छ बनाने में निगम का सहयोग करें। फिर भी यदि कोई सड़कों पर अतिक्रमण करेगा तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देश पर जोन दो में सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ दस्ते बनाए गए हैं। जोन दो में एसआई सुशील कुमार के नेतृत्व में बनी टीम ने महाराणा प्रताप चौक से आईटीआई तक सड़क के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाया। निगम की टीम ने जैसे ही महाराणा प्रताप चौक के नजदीक अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो दुकानदारों में अफरा-तफरी सी मच गई।

निगम की टीम को देख दुकानदारों ने स्वयं सामान समेटना शुरू कर दिया। इस दौरान निगम कर्मियों ने सड़क पर रखा दुकानदारों का सामान उठाकर निगम के वाहन में रखवा दिया।

# लैक्रोस गेम में हरियाणा की टीमों ने जीता गोल्ड




लैक्रोस गेम में स्वर्ण पदक विजेता हरियाणा की महिला टीम प्रसन्न मुद्रा में अतिथियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में लैक्रोस गेम को शामिल करने की मंजूरी मिलते ही हरियाणा की टीम ने उमदा प्रदर्शन किया है। न प्रतियोगिता में पुरुष और महिला दोनों टीमों ने गोल्ड मेडल जीता है। देश में पहली बार नेशनल लैक्रॉस चैंपियनशिप का आयोजन आगरा किया गया था। सीनियर महिला वर्ग में राजस्थान की टीम विजेता रही और हरियाणा की टीम उपविजेता रही। वहीं जूनियर महिला वर्ग में राजस्थान ने प्रथम स्थान हासिल किया वहीं हरियाणा दूसरे स्थान पर रही। सब जूनियर कैटेगरी में हरियाणा के पुरुष वर्ग की टीम विजेता रही। सब जूनियर में महिला वर्ग हरियाणा की टीम ने भी प्रथम स्थान हासिल किया। भारतीय लैक्रोस गेम के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय मिपुन और राष्ट्रीय जनरल सेक्रेट्री तौशिफ अहमद ने सभी राज्यों में इसकी टीमें तैयार करने के लिए कमेटियों का गठन किया है तथा दिसंबर 2023 में हरियाणा की जिम्मेदारी आर्य पीजी कॉलेज के प्रो.राजेश टूर्ण को दी हैं। जिन्हें हरियाणा लैक्रोस गेम का जनरल सेक्रेट्री नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर दो भाईयों पर किया हमला

**यमुनानगर।** गांव दामला में रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर दो भाईयों पर हमला कर दिया। गांव दामला निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दो अप्रैल को अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने घर में मौजूद था। इस दौरान उनके पड़ोस में रहने वाले संजू, अनिल, अर्जुन, लीला, पूनम अपने दर्जन भर साथियों के साथ डंडें व लाठियां लेकर उनके घर में घुस गए। आरोपियों ने आते ही उन्हें जाति सूचक शब्द कहें और उनके पर हमला कर दिया।पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपियों को नामजद करते हुए दर्जन भर अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कानूनी सहायता के लिए अधिवक्ता किए नियुक्त

**यमुनानगर।** कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए लीगल एंड रक्षा काउंसिल द्वारा जिले में अधिवक्ता नियुक्त किए गए हैं। यह अधिवक्ता गिरफ्तारी से पहले व गिरफ्तारी के समय कानूनी सहायता प्रदान करेंगे। लीगल एंड रक्षा कांउसिल के मुख्य कानूनी सहायता काउंसलर अश्वनी कुमार बतरा ने बताया कि अप्रैल 2024 के लिए जिले में गिरफ्तारी से पहले व गिरफ्तारी के समय कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए काउंसिल द्वारा उप-काउंसलर साबर अली चौहान पुलिस स्टेशन सेक्टर-17 हुडा व बूडिया में, असिस्टेंट एलएडीसी निखिल शर्मा पुलिस स्टेशन सिटी यमुनानगर, महिला थाना व साइबर पुलिस स्टेशन में, असिस्टेंट एलएडीसी दीपक कुमार पुलिस स्टेशन जीआरपी, आरपीएफ, सदर यमुनानगर व जठलाना में नियुक्त किए गए हैं।

### दो बदमाशों ने युवक से छीना मोबाइल

**यमुनानगर।** शहर के टाउन पार्क के नजदीक दो बदमाशों ने मोती बाग कॉलोनी निवासी संजय कुमार से मोबाइल छीन लिया। संजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो अप्रैल की रात करीब साढ़े 11 बजे वह मॉडल टाउन स्थित सेवन सीज होटल से अपने घर आ रहा था। जब वह टाउन पार्क के नजदीक पहुंचा तो दो अज्ञात युवकों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने उसे पकड़कर उसकी पेंट की जेब से मोबाइल छीन लिया। इसके बाद दोनों बदमाश उसे धक्का देकर मौके से फरार हो गए।

### मुकंदलाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर में दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

# दीक्षांत समारोह प्रत्येक विद्यार्थी के लिए जीवन में है एक पवित्र अवसर: प्रो. सचदेवा

## स्नातक व स्नातकोत्तर के 315 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के उप कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता मुकंदलाल शिक्षण संस्थाओं के महासचिव डॉ. रमेश कुमार ने की। दीक्षांत समारोह में स्नातक व स्नातकोत्तर के 315 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई। मुख्यातिथि एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के उप कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात उपाधि प्राप्त करने का अवसर प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन में अहम होता है। विद्यार्थी अपनी शिक्षा को पूर्ण करने के उपरान्त जीवन के नए क्षेत्र में जाने का प्रयास इसी उपाधि के माध्यम से करता है। शिक्षा प्रणाली को सफलतम बनाने में एक शिक्षक की भूमिका सबसे ज्यादा



यमुनानगर। मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान करते हुए मुख्यातिथि।

महत्वपूर्ण होती है। वास्तव में दीक्षांत समारोह प्रत्येक विद्यार्थी के लिए जीवन में एक पवित्र अवसर होता है। उपकुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सभी डिग्री धारक विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यहां के विद्यार्थी न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अपितु अन्य क्षेत्रों में भी प्रतिभागिता करते हैं। महाविद्यालय द्वारा रक्तदान जैसे सामाजिक कार्य को भी उन्होंने सराहा। उन्होनें बताया कि हमारा देश विश्व का सबसे युवा देश है। सबको रोजगार देना चुनौतीपूर्ण है। इस हेतु विद्यार्थियों को उद्यमिता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्र शिक्षा नीति 2020 अपने युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए प्रेरित करती है व व्यक्तित्व विकास के लिए नैतिकता को आवश्यक बताया। उन्होंने मौके पर मई 2023 की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए 315 विद्यार्थियों को स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधियां प्रदान की। विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वोच्च स्थान पाने वाले विद्यार्थियों इमरनजीत कौर को प्रथम स्थान पाने के लिए 21 हजार रुपये, गीतिका सैनी को द्वितीय स्थान पाने के लिए 11 हजार रुपये व जगजीत सिंह, डेजी, सृष्टि व रविन्द्र कौर को 5100 रुपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### कार्यकारी प्राचार्या ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की

इस अवसर पर कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्या डॉ. ऋतु कुमार ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कॉलेज की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल, एनएसएस, एनसीसी व अन्य गतिविधियों व उपलब्धियों का विवरण दिया। प्राचार्या ने शिक्षकों के अनुसंधान क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों पर प्रकाश डाला और छात्रों की उपलब्धियों को रेखांकित किया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव डॉ. रमेश कुमार ने मुख्य अतिथि का अभिनंदन करते हुए शॉल व स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया व सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों को प्रेरित किया। मंच का संचालन प्रो. परवीन खुराना व डॉ. भावना सेठी ने किया। इस अवसर पर डॉ. आरके गर्ग, डॉ. विकास दरयाल, डॉ. अनिल बुद्धिराजा, डॉ. पवन गाबा, डॉ. अनिल धवन, डॉ. मनोहर गोयल, डॉ. नीतिदरयाल आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। अस्पताल में आयोजित कार्यशाला के दौरान उपस्थित स्वास्थ्यकर्मी।

# केयर कम्पैनियन प्रोग्राम का आयोजन

## सिविल अस्पताल यमुनानगर में हुई कार्यशाला

- नवनियुक्त स्वास्थ्य कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण
- महिला के परिजनों को भी जांच, उपचार व टीकाकरण बारे सभी जानकारी अस्पताल में प्रदान की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

मुकन्द लाल जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर में वीरवार को नवनियुक्त स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए केयर कम्पैनियन प्रोग्राम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ.मनजीत सिंह ने की। सिविल सर्जन डॉ.मनजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मां-बच्चे के लिए केयर कम्पैनियन कार्यक्रम आरंभ किया गया है जिसके तहत गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व व प्रसव उपरान्त स्वयं की व बच्चे की देखभाल बारे पूर्ण जानकारी दी जाती है तथा साथ ही उनके परिजनों को भी सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा इस कार्यक्रम के तहत सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है तथा अब नवनियुक्त कर्मियों को भी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिव्य मंगला ने बताया कि अस्पताल में गर्भवती महिलाएं जब जॉंच के लिए आएगी उसी समय से उन्हें प्रसव के दौरान व प्रसव उपरान्त स्वास्थ्य सम्बंधी सम्पूर्ण जानकारी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्रदान की जाएगी।

साथ ही महिला के परिजनों को भी जांच, उपचार व टीकाकरण बारे सभी जानकारी अस्पताल में प्रदान की जाएगी।

इसके अलावा बच्चे को दूध पिलाने व खतरे की निशानियों व उपचार के बारे पूर्ण जानकारी दी जाएगी। मौके पर राज्य कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.अभिषेक, जिला नोडल अधिकारी सुदेश संधु आदि मौजूद थे।

# महात्मा ज्योतिबाफुले की जयंती सात को

- राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश भर से हजारों की संख्या में भाग लेंगे समाज के लोग
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कार्यक्रम में लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

सैनी समाज द्वारा सात अप्रैल को थीम पार्क कुरुक्षेत्र में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। इस दौरान राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाग लेंगे। सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के गांवों में स्थानीय लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है। संदीप सैनी व जिला



यमुनानगर। रादौर में राज्यस्तरीय कार्यक्रम के लिए लोगों को कार्यकर्ताओं के साथ निमंत्रण देते हुए सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी। फोटो: हरिभूमि

प्रधान सतीश सैनी ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले पिछडे वर्ग के मसीहा थे। जिनकी जयंती पूरे भारत में करोडों लोग मनाते हैं। ऐसे में प्रदेश में भी उनकी जयंती पर अवकाश घोषित होना चाहिए। देश में शिक्षा के प्रचार व प्रसार को लेकर महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा दिया गया योगदान सराहनीय है। इस अवसर पर राजकुमार सैनी, सतीश सैनी, योगराज कांबोज, सरपंच देवेंद्र सिंह, श्याम सैनी, रोहतास सरपंच, सोनू सैनी व संजय सैनी आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समा

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ वार्षिक समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में चल रहे दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव का समापन हो गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से सभी का खूब मनोरंजन किया। मुकंद शिक्षण संस्थानों के चेयरमैन अशोक कुमार ने वार्षिक आयोजन की हार्दिक बधाई देते हुए सभी आयोजकों व छात्रों के प्रयासों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी सदैव परिवर्तन एवं नवनिर्माण की नींव रखने में अहम भूमिका निभाती है। इस वर्ष का मुख्य विषय वाइब्रेंटे रखा गया। जिसका अर्थ है रंगों और



यमुनानगर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

ज़ायके का मिश्रण। चारों ओर उमंग ही उमंग प्रतीत हो रही थी। कहीं नृत्य हो रहा था, कहीं हाथों पर मेहंदी, कहीं संगीत के स्वरों को मनमोहक अंदाज़ में प्रस्तुत किया जा रहा था तो कहीं टैटू मेकिंग, ट्रेजर हंट व अल्फ़ाज़ जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष में तीन छात्रों को अमन वाल्दिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वार्षिक महोत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में युगल गायन में चिराग व जयंत ने बाजी मारी। वहीं डूडलिंग प्रतियोगिता में मेघा ने विजय प्राप्त की। ट्रेसर हंट में आर्यन, मंजाप, लक्ष्य व केशव की टीम ने जीत हासिल की। प्रश्नोत्तरी में मानव व अल्फाज़ प्रतियोगिता में इश्प्रीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल स्किट में टीम मस्तीजादे विजयी रही। युगल नृत्य में केसर और कशिश ने जीत हासिल की। वहीं एकल नृत्य में रिया तथा वेस्ट टू वाउ में संजना ने बाजी मारी। इसी तरह समूह नृत्य प्रतियोगिता में टीम ग्रुप वेस्टर्न व भाषण में आस्था विजयी रहे।

### ये रहे मौजूद

संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने सभी अतिथियों का संस्थान में स्वागत किया। उन्होंने संस्थान के प्रगति पथ व अग्रसर होने की अनेक उपलब्धियों का सम्पूर्ण ब्यौरा सबके सामने रखा। मौके पर अंकुश सिंगला, डॉ.एलएस रीन, डॉ.वंदना, डॉ.गौरव शर्मा, विकास जुनेजा, डॉ.ऋषि स्वरूप शर्मा आदि मौजूद थे।

# क्विज में गीतिका की टीम बनी विजेता

- ज्योतिबा फुले राजकीय कॉलेज रादौर में हुआ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ज्योतिबा फुले राजकीय कॉलेज रादौर में वीरवार को वाणिज्य विभाग की ओर से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज का शुभारंभ प्राचार्या चंचल रानी ने किया। क्विज प्रतियोगिता में गीतिका टीम ने पहला, सानिया टीम ने दूसरा स्थान तथा आरजू टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की संयोजक ममता रानी ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया



यमुनानगर। कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

व उत्साहवर्धन किया। प्राचार्या ने कहा कि कोई भी छात्र या छात्रा किसी से कम प्रतिभाशाली नहीं है। कोई न कोई विशेषता हर बच्चे में समाहित होती है। प्रतियोगिता में वाणिज्य विभाग के अलग-अलग विषयों से संबंधित बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए। मौके पर एक्सटेंशन लेक्चरर सुनीता देवी व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने सढौरा अनाज मंडी का किया दौरा

- आढ़तियों से बातचीत कर गेहूं खरीद के समय किसानों को दिक्कत न आने देने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

बिलासपुर के एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने वीरवार को सढौरा अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम ने आढ़तियों से बातचीत कर गेहूं खरीद के समय किसी भी किसान को मंडी में दिक्कत नहीं आने देने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि किसान की फसल की खरीद समय पर हो और उठान भी समय पर हो ताकि सीजन के समय मंडी में भीड़ न हो। उन्होंने खरीद



यमुनानगर। साढौरा अनाज मंडी का दौरा करते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह खरीद के समय किसी प्रकार की लापरवाही न करें और किसानों को संतुष्ट करें। सरकार द्वारा निर्धारित नमी का ही आकलन करें और जो भी फसल का एमएसपी है वह किसानों को दे। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान के साथ धांधली न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह मंडी में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था रखे। मंडी में शौचालय, पीने के पानी व बिजली की व्यवस्था दुरूस्त हो। उन्होंने यह भी कहा कि किसान की फसल निर्धारित मूल्य से कम न हो। इसका भी समय-समय पर आढ़तियों के पास जाकर औचक निरीक्षण करें। मंडी में जो भी शेड है उनको साफ करवाया जाए।

### तहसील का किया औचक निरीक्षण

एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने साढौरा तहसील का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने हाजिरी रजिस्टर चैक किया और अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह समय पर कार्यालय आए और समय पर ही कार्यालय से जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों के कार्य समय पर करें ताकि लोगों को अपने कायार्े के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर न काटने पड़े। उन्होंने कार्यालय में सफाई व पीने के पानी की व्यवस्था का भी जायजा लिया।

# तीन स्थानों से नकदी समेत लाखों के जेवर व सामान चोरी

- पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में चोरों ने तीन स्थानों को निशाना बनाकर नकदी समेत लाखों रुपये के जेवर तथा अन्य सामान चोरी कर लिया। गांव काठगढ़ निवासी बबीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव में श्रीमद्भावगत कथा चल रही है। वह दो अप्रैल को रात में कथा सुनने गई थी। वापस लौटने पर देखा की कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 20 हजार रुपये, दो जोड़ी बालियां, एक जोड़ी टोपस, गले का हार, मंगलसूत्र, चार सोने की अंगूठियां, चार जोडी पाजेब, गले का तोड़ा, दस जोड़ी चुटकी आदि सामान गायब मिला। उधर, शिव ज्योत कॉलोनी छछरौली निवासी जगतार सिंह के घर से साढ़े 32 हजार रुपये की नकदी, 20 तोले चांदी की चेन तथा हस्ताक्षर किया हुआ एक चैक चोरी हो गई। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं, चोरों ने गांव शेखपुरा में आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर इनवर्टर, बैंटरी, गेहूं, चावल व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### श्रीलालद्वारा प्रबंधक कमेटी ने शहर की कालिंदी कॉलोनी में निकाली प्रभात फेरी

# श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

श्रीलाल द्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा शहर में निकाली जा रही प्रभात फेरियों का वीरवार को शहर की कालिंदी कॉलोनी में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर सतगुरु बाबा लाल दयाल जी महाराज के मनमोहक स्वरूप का स्वागत किया। मौके पर भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। कालिंदी कॉलोनी में वीरवार तड़के चार बजे श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। इस दौरान पंडित रजनीश शर्मा ने विधि विधान के



यमुनानगर। कालिंदी कॉलोनी में निकाली गई प्रभात फेरी में भजनों पर झूमते श्रद्धालु।

साथ पूजा अर्चना करवाई और फिर प्रभात फेरी आरंभ हुई। प्रभात फेरी के प्रति श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। सुबह चार बजे ही श्रद्धालु प्रभातफेरी स्थल के शुभारंभ अवसर पर एकत्रित होने आरंभ हो गए थे। ढोल की ताल पर श्रद्धालुओं ने झूमते हुए प्रभात फेरी का आरंभ किया। प्रभात फेरी जिस भी इलाके में गई वहां पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। जगह-जगह पर स्टॉल भी लगाए गए जहां पर श्रद्धालुओं के लिए फल प्रसाद का प्रबंध किया गया था।

### श्रीलाल द्वारा मंदिर में आज विश्राम दिया जाएगा

श्रीलालद्वारा मंदिर प्रबंधक कमेटी के सदस्य देवेंद्र मेहता ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री लाल द्वारा प्रबंधक कमेटी के बैनर तले प्रभात फेरियां निकाली जा रही हैं। इन प्रभात फेरियों को 5 अप्रैल को श्रीलाल द्वारा मंदिर में विश्राम दिया जाएगा। यहीं पर प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालुओं को प्रबंधक कमेटी द्वारा प्रसाद व आशीर्वाद प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर में दो वातानुकूलित हाल बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा महंत श्रीराम सुंदर दास जी महाराज के लिए आवास भी बनाया जा रहा है और आवास के साथ ही लिफ्ट भी लगाई जा रही है। इनका निर्माण कार्य भी जोर शोर से चल रहा है। उन्होंने बताया कि 5 अप्रैल को प्रभात फेरी श्रीलाल द्वारा कॉलोनी में निकाली जाएगी। मौके पर नरेंद्र ओबेरॉय, दविंदर मेहता, राजकुमार ओबेरॉय, गुलशन गुलाटी, सोनू मेहता, मोनू मेहता, संदीप दत्ता, बॉबी वासन, हिमांशु व प्रदीप चड्ढा आदि मौजूद रहे।

# मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

- कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. मेजर एचएस कंग ने विद्यार्थियों को मतदान में भाग लेने के लिए किया आहवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में लोकतांत्रिक समाज में मतदान के महत्व विषय पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. मेजर एचएस कंग ने भाग लिया। डॉ. हरिंदर सिंह कंग ने नागरिक कर्तव्य के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने मतदान अधिकारों का जिम्मेदारी से प्रयोग करने का आहवान किया।





यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में मंच पर विराजमान वक्तागण। फोटो: हरिभूमि

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान डॉ. हेमंत मिश्रा ने एक विचारोत्तेजक व्याख्यान दिया।

उन्होंने इस वर्ष की थीम, स्वीप व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी की शुरुआत की और टैगलाइन नथिंग लाइक वोटिंग, आई वोट फॉर श्योर पर जोर दिया। जिससे विद्यार्थियों को कर्तव्यनिष्ठ मतदाताओं के रूप में अपनी भूमिका अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने विद्यार्थियों के बीच जिम्मेदार नागरिकता का पोषण करने में कॉलेज की पहल की सराहना की। इस अवसर पर कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. कमलप्रीत कौर, प्रो. जसप्रीत सिंह, प्रो. मोहित आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### अभय चौटाला की एंट्री से बिगड़े समीकरण : तनुजा

**कुरुक्षेत्र।** इंडियन नेशनल लोकदल महिला विंग जिलाध्यक्ष तनुजा ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अभय सिंह चौटाला की एंट्री से विरोधी दलों, बीजेपी और आप कांग्रेस की हवा खराब हो गई है। इनेलो और अभय सिंह आज हरियाणा के युवाओं, महिला शक्ति, किसान और कमेरे व कर्मचारी वर्ग की बुलंद आवाज हैं। तनुजा ने प्रतिद्वंदी उम्मीदवारों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एक उम्मीदवार को चुनाव में डराकर लाया गया है दूसरे उम्मीदवार को जनता चुनाव से पहले ही नकार चुकी है।

### सरकार आढ़तियों के सब्र का इम्तिहान न ले

**कुरुक्षेत्र।** मांगों को लेकर अनाज मंडी आढ़तियों का सांकेतिक धरना चौथे दिन वीरवार को भी जारी रहा। थानेसर अनाज मंडी में मार्किट कमेटी परिसर में धरनारत आढ़तियों ने कहा कि कुछ भी हो जाए, सरकार को हर हाल में आढ़तियों की मांगे माननी ही होंगी। प्रधान मायाराम चंद्रभानपुरा ने कहा कि सरकार आढ़तियों के सब्र का इम्तिहान न ले। उन्होंने कहा कि अब पानी सिर के ऊपर से लांघ रहा है, जो कि बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

### मन की खुशी को भूलना स्वयं को भूलनाः गिरीश

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के ओपन एयर स्टेज पर गुरुवार को माइंड एंड बॉडी मेडिसीन विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्रह्माकुमारी मुख्यालय से जुड़े अंतरराष्ट्रीय वक्ता प्रोफेसर ईवी गिरीश मुख्यातिथि रहे और साथ में राजयोगिनी बीके सरोज दीदी विशेष तौर पर मौजूद रही। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

### कुवि ने वार्षिक परीक्षाओं की अंतिम तिथि बढ़ाई

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के दिशा-निर्देशानुसार विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा शाखा ने कुवि के यूजी/पीजी वार्षिक प्राइवेट परीक्षाओं में मई/जून 2024 में नए/कम्पार्टमेंट/इम्प्रेवमेंट/एडिशनल/पूर्व-छात्रों के लिए केयू आईयूएमएस पोर्टल पर ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को बढ़ाया है।

### गीता निकेतन विद्यालय में नए सत्र का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन आवासीय विद्यालय,कुरुक्षेत्र के प्रांगण में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन व स्वस्ति वाचन द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने नई ऊर्जा और उत्साह से पवित्र हवन में आहुति डाली तथा नए सत्र की सफलता हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। कक्षा छठी, सातवीं, आठवीं, नौवीं एवं ग्यारहवीं के नव प्रविष्ट विद्यार्थियों ने माधव विशाल कक्ष में यज्ञ कर्म में सहर्ष भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य नारायण सिंह ने सभी आचार्यों का परिचय छात्रों से करवाया।

### गेहूं व सरसों खरीद के लिए नही है पुख्ता प्रबंध

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने कहा कि 1 अप्रैल से मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है मगर सरकार की तरफ से मंडियों में गेहूं व सरसों की खरीद के लिए कोई पुख्ता प्रबंध नहीं है। मंडी में किसी प्रकार की मूलभूत सुविधा तक नहीं है। यहां तक की गेहूं का सरकारी एमएसपी 2275 रुपए प्रति क्विंटल है जिसके 2.5 प्रतिशत के हिसाब से आढ़तियों का 56 रुपए 87 पैसे कमीशन बनता है मगर सरकार आढ़तियों का कमिशन 10 रुपए 99 पैसे कम करके 45 रुपए 88 पैसे देने का आदेश जारी किया है।

---

#### समारोह में मुख्यातिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे

# ऐतिहासिक होगा महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह : सुभाष सुधा

**7 अप्रैल को सुबह 10 बजे थीम पार्क में आयोजित होगा कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सैनी समाज सभा की तरफ से थीम पार्क में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती एवं अभिनंदन समारोह का ऐतिहासिक एवं यादगार कार्यक्रम 7 अप्रैल को सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मुख्यातिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। इस कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश भर से सैनी एवं सर्व समाज के लोग पहुंचेंगे। इस समारोह की तैयारियां पूरी की जा रही है। यह कहना है हरियाणा के स्थानीय शहरी निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा का। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान सभी समाजों को महान लोगों की जयंती समारोह को सरकारी तौर पर मनाने का निर्णय लिया था। इस निर्णय के तहत सभी समाजों के महापुरूषों की जयंती मनाई गई। इन सभी कार्यक्रमों में हजारों की संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया था।



कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आयोजकों के साथ राज्यमंत्री सुभाष सुधा।

इन कार्यक्रमों के आयोजन के पीछे एक मकसद था कि लोग महान लोगों से प्रेरणा लेकर उनके दिखाए मार्गों पर चल सकें। युवा पीढ़ी को भी अपनी प्राचीन संस्कृति धरोहर और महान लोगों के जीवन से आत्मसात करने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि अब सैनी समाज की तरफ से 7 अप्रैल को सुबह 10 बजे थीम पार्क में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस जयंती समारोह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे। इसके अलावा पूर्व सांसद सरदार गुरदयाल सिंह सैनी, कैथल से उद्योगपति बालकिशन सैनी, उद्योगपति रणबीर सिंह खंडवालिया विशिष्ट अतिथि के रुप में पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम के लिए सभी लोगों को निमंत्रण दिया गया है। यह कार्यक्रम अपने आप में एक अदभुत और शानदार कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में पहुंचने के लिए सैनी समाज के साथ-साथ सर्व समाज के लोग उत्साहित है। इस कार्यक्रम के लिए सभी जोर शोर से तैयारियां कर रहे है। इस कार्यक्रम की तमाम व्यवस्थाएं सैनी समाज सभा के प्रधान व समारोह के संयोजक गुरनाम सिंह सैनी देख रहें है। इसके अलावा वरिष्ठ उपप्रधान सत्यवान सैनी सजुमा, उपप्रधान जोगिंद्र सिंह सैनी बारवा, महासचिव अवतार सिंह सैनी प्रतापगढ़, सह सचिव श्याम लाल सैनी कुरुक्षेत्र तथा समस्त कार्यकारिणी के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए है। उन्होंने कहा कि थानेसर हल्का से सैनी समाज के साथ-साथ सभी समाजों के लोग अभिनंदन समारोह में भाग लेंगे।



लाडवा। दुकानदारों से बातचीत करते भाजपा नेता संदीप गर्ग। फोटो : हरिभूमि

### पीएम मोदी की गारंटी पर जनता को भरोसाः संदीप

**लाडवा।** भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के चलते ही इस बार लोकसभा चुनावों में सभी को मतदान करना चाहिए। भाजपा नेता संदीप गर्ग गुरूवार को लाडवा-पिपली मार्ग के दुकानदारों से मुलाकात कर बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो पूरे देश में नीतियां चलाई है उसको देखते हुए एक बार फिर देश की कमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संभालेंगे। क्योंकि जो कार्य बीजेपी सरकार में हुआ है वह अभी तक किसी भी सरकार में नहीं हुआ है। उन्होंने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि लोकसभा चुनावों में हम सभी को बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए और सभी को मतदान करना चाहिए। क्योंकि मतदान एक ऐसा अधिकार है। जिसमें किसी का कोई जोर जबरदस्ती नहीं चलती और इंसान अपनी इच्छा से मतदान करता है और करना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों के कारण देश व प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं के पास ऐसा कोई भी मुद्दा नहीं है। जिससे कि वह लोगों के पास जाकर अपने हक में वोट की अपील कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के कारण जो देश ने तरक्की की है उसपर सभी लोग विश्वास करते हैं और उन्हीं के हक में मतदान करेंगे।



लाडवा। कथा का आनंद लेते श्रद्धालु गण। फोटो : हरिभूमि

### दुष्टों का नाश करने को धरती पर अवतार लेते हैं प्रभु

**लाडवा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा हिंदू हाई स्कूल, लाडवा में आयोजित पांच दिवसीय श्री राम कथामृत के प्रथम दिवस के अंतर्गत दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या प्रज्ञाचक्षु मानस मर्मज्ञा साध्वी सुश्री शचि भारती जी ने कहा कि युगों पूर्व धरा धाम पर इस पूर्ण अवतार श्रीराम भगवान का प्रकटीकरण हुआ। श्री राम भगवान विशुद्ध आचार ड्डविचार ड्डव्यवहार के समूर्तरूप है। रीती, नीति तथा प्रीति के अद्वितीय संगम है। परंतु प्रश्न यह है कि भगवान को इस धरा ड्डधाम पर क्यों अवतरित होना पड़ता है। गोस्वामी तुलसीदास बताते हैं कि त्रेता युग में भी भय का वातावरण छाया था रावण के अत्याचारों से सभी पीड़ित हो उठे तब मां वसुंधरा जिनके लिए यह असहनीय था ऋषि मुनियों देवताओं सहित श्री विष्णु भगवान के चरणों में पुकार करते हैं तब प्रभु का अयोध्या नगरी में अवतार हुआ और प्रभु अपनी दिव्य लीलाओ के द्वारा जन समुदाय को अध्यात्म का बोध कराते हैं भक्तों की रक्षा करते हैं।



कुरुक्षेत्र। हवन यज्ञ में आहुति डालते यजमान। फोटो : हरिभूमि

### वात्सल्य वाटिका में हवन यज्ञ से नव सत्र का आरंभ

**कुरुक्षेत्र।** वात्सल्य वाटिका ब्रह्मा कालोनी का नव सत्र आरंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुमन बाला प्रधानाचार्य गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र और मुख्य यजमान के रूप में वात्सल्य वाटिका ट्रस्ट प्रधान ओम प्रकाश मित्तल रहे। हवन यज्ञ विश्व हिंदू परिषद के पंडित प्रेम नारायण अवस्थी द्वारा किया गया। वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र संस्थापक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमें सदैव अपने धर्म के साथ चलना चाहिए। नौ अप्रैल को हम सभी सनातनी का हिंदू नववर्ष आ रहा है। बहुत धूमधाम से सभी अपना नववर्ष मनाएं, अपने घरों कार्यालय को सजाएं। अपने घरों में हवन, धार्मिक अनुष्ठान पाठ करें और घरों पर ध्वज लगाएं। हिंदू नववर्ष पर सभी मन्दिर में जरूर जाएं। ट्रस्ट प्रधान ओम प्रकाश मित्तल ने कहा कि वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र एक अनूठा आश्रम विद्यालय हैं। जहां पर वात्सल्य वाटिका के स्वामी जी बच्चों को माता-पिता जैसा प्यार मिलता है।

---



### पंजाब दा चस्का कैफेटेरिया का किया आयोजन

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में वार्षिक कैफेटेरिया पंजाब दा चस्का का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व डॉ. ममता सचदेवा थे। इस कैफेटेरिया में पंजाब की संस्कृति को दशार्ते हुए मेहमानों के समक्ष पंजाबी थाली को परोसा गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन को करने के लिए प्रोत्साहित किया व आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो. तरविन्द्रजीत कौर, विशाखा, महिमा, वंशिका, प्रियंका व हिना ने हेड कुक की भूमिका अदा की। इस अवसर पर प्रो. अनिल वोहरा, प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. नीरा राघव, प्रो. नीरज, प्रो. अनिता यादव, प्रो. अनुरेखा, डॉ. देवेन्द्र, डॉ. सुमन बाला व डॉ. शिवानी उपस्थित थे।

## वोट की चोट से बीजेपी को सत्ता से बाहर करेगी जनता : सुशील गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र/शाहबाद

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने शाहाबाद विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा की। उनके साथ प्रेम हिंगाखेड़ी, आशा पठानिया, अर्जुन सिंह, सुमित हिंदुस्तानी, विशाल खुब्बड़, एडवोकेट जयभगवान, राजेंद्र भाटी, रवि शर्मा, बिमला सरोहा, सरपंच गुरपाल, समय सिंह, मान सिंह, स्वीटी रंगा, रवि वर्मा, सुनीता नेहरा, शेर सिंह, हरपाल भाटी, सीमा रानी, चमनलाल और सरपंच पवन ढांडा मुख्य तौर पर मौजूद रहे। डॉ. सुशील गुप्ता ने अपनी चुनावी यात्रा गांव धन्तौड़ी से शुरू की। इसके बाद वे गांव शरीफगढ़ में लोगों से मिले।



कुरुक्षेत्र। ग्रामीणों को संबोधित करते कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

वहां से बकाना में ग्रामीणों से रूबरू हुए। इसके बाद गांव मछरौली में पहुंचे। यहां से गांव खरीडवा, बेरथली, बुहावा, यारा, यारी, डीग, जन्धेड़ी, छपरा, छपरी, गांव त्योड़ा, त्योड़ी, किशनगढ़ और शाहबाद शहर पहुंचकर लोगों को संबोधित किया और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया और /"इंडिया/" गठबंधन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि शाहबाद हर साल बाढ़ में डूब जाता है। किसानों और आम जनता को करोड़ों का नुकसान होता है, लेकिन जिंदल और नायब सैनी के होते संसद में कभी भी शाहबाद का नाम नहीं गूंजा। अब देश प्रदेश और कुरुक्षेत्र की जनता समझ रही है कि भाजपा किस प्रकार चंदे का धंधा चला रही है। सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी के इलेक्टोरल बॉन्ड के महाघोटाले को उजागर करके देश के सामने ला दिया है। अब देश और प्रदेश की जनता भाजपा से पूरा हिसाब लेगी। चुनावों में वोट की चोट से बीजेपी को सत्ता से बाहर करके तानाशाही को खत्म करने का काम करेंगे। जनता और इंडिया गठबंधन साथ मिलकर बीजेपी को हराने का काम करेगा।

### मेले में स्वस्थ्य विभाग ने किया जागरूक

**पिहोवा।** चैत्र चौदस मेले में आने वाले लाखों लोगों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है, जिसके तहत डा. नमिता गुप्ता एसएमओ पिहोवा के आदेशानुसार शहर में एंटी लार्वा गतिविधियां जारी है। लोगों को पंपलेट बांटकर जागरूक किया जा रहा है की मक्खी मच्छरों से कैसे बचाव करना है व स्वच्छ पेयजल का क्या महत्व है। इस कड़ी में मंजीत भोला हेल्थ इंस्पेक्टर के नेतृत्व में एमपीएचडब्लयू विजय सिंह, मनदीप, प्रदीप, कुलदीप, तेजवीर गोरिया ने शहर के सरस्वती घाट के पास, पुराना बाजार, पिहोवा चौक व मुख्य बाजार में एंटी लार्वा एक्टिविटी की, पंपलेट्स बारे व मिठाइयों व चाय की दुकान पर जाकर सलाह दी।

## वार्षिक समारोह में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

- वक्त गवाए बिना अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आगे बढ़े विद्यार्थी : डा. एचएस गिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

मोहड़ी स्थित आदेश मैडिकल कॉलेज व अस्पताल में वार्षिक समारोह एक्सॉन धूमधाम से संपन्न हो गया। जिसमें मेडिकल स्टूडेंटस की ओर से शैक्षणिक शिक्षा में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, कला, साहित्य और खेलों में प्रतिभा के जौहर दिखाए गए। इस कार्यक्रम में अकादमिक प्रस्तुतियों, वाद-विवाद चर्चा, पोस्टर बनाने, गायन, नृत्य भी आकर्षण का केन्द्र रहे। कार्यक्रम में आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा.एच.एस. गिल, आदेश कल्याण सोसायटी की महासचिव कमलदीप कौर गिल और प्रिंसीपल डा.एन.एस. लांबा न मेधावी छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। चेयरमेन डा. एच.एस. गिल ने मैडिकल स्टूडेंटस को चिकित्सा पद्धति की महिमा को बरकरार रखने, नैतिकता और करुणा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया।



शाहबाद। स्टूडेंटस को सम्मानित करते चेयरमेन डा.एच.एस. गिल, कमलदीप कौर गिल व प्रिंसीपल। फोटो : हरिभूमि

### शत प्रतिशत मतदान को किया जाएगा जागरूक

**शाहबाद।** शाहबाद मारकंडा के समाजसेवी व नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूथ फाउंडेशन के संरक्षक सुभाष कलसाना ने बताया कि लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूथ फाउंडेशन विधानसभा शाहबाद के सभी गांवो और शहरी स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाएगी। जिसके लिए उन्होंने सभी धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संस्थाओं से सहयोग के लिए आग्रह भी किया कि लोकतंत्र के महापर्व में प्रत्येक मतदाता पोलिंग बूथ तक पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## नरेश व राकेश प्रशिक्षण के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

लाडवा के रोटरी क्लब के अगले सत्र के प्रधान व सचिव प्रशिक्षण के लिए रवाना हुए। जिन्हें क्लब की ओर से शुभकामनाएं देकर रवाना किया गया। क्लब के पूर्व प्रधान अमित सिंघल ने बताया कि हर वर्ष मंडल 3080 के सभी क्लबों के आगामी प्रधान व सचिव का प्रशिक्षण किसी स्थल पर किया जाता है। जो इस बार 5 से 7 अप्रैल हिमाचल के कुफरी में आगामी मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें क्लब की ओर से अगले वर्ष के प्रधान नरेश गर्ग व सचिव राकेश खुराना भी शामिल होंगे।




लाडवा। रोटरी क्लब के पदाधिकारी सदस्यों को फूल गुच्छ देकर रवाना करते हुए।

क्लब की तरफ से इन दोनों को प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं देकर विदा करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो वर्ष 2025-26 के प्रधान संजीव जिंदल द्वारा रीति के अनुसार आयोजित किया गया। जिसमें दोनों को पुष्प गुच्छ व उपहार देकर शुभकामनाएं दी गई। संजीव जिंदल ने कार्यक्रम को शुरू करते हुए प्रशिक्षण के लिए दोनों को बधाई दी। असिस्टेन्ट ट्रेनर विकास सिंघल ने कहा कि इस तरह की परम्परायें क्लब सदस्यों के बीच सकारात्मक संबंधों को बढ़ावा देने के साथ साथ सदस्यों को अच्छे काम करने के लिए प्रेरित करती हैं और क्लब में नई नेतृत्व टीम तैयार करती है।

---




### श्रीजपुजी साहिब जी के पाठ से नए सत्र का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र में नए सत्र के शुभारंभ में गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए श्रीजपुजी साहिब जी का पाठ तथा शब्द-कीर्तन करवाया गया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर माटी का पुतला, मिटी धुंध जग चानन होया शब्द गायन किए। स्टाफ एवम बच्चे पांच प्यारो की अगुवाई में मुख्य आकर्षण का केंद्र बने। सतनाम वाहेगुरु जी का जाप भी करवाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की पढ़ाई में तरक्की और सरबत के भले हेतु गुरु चरणों में अरदास की गई। स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने रतगल गुरुद्वारा साहिब से आए हुए अतिथि को सिरोपा देकर सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों को शुभ कामनाएं दी। उन्होंने नए सत्र में और मेहनत करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में स्कूल की एकेडमिक इंचार्ज मेघा भठला, पीआरओ रुचिका, कोऑर्डिनेटर सुनीता अरोड़ा, ज्योति खनेजा, एच.आर पूजा, शिक्षक, अभिभावक, टीचिंग तथा नॉन टीचिंग स्टाफ भी शामिल हुआ। एकेडमिक इंचार्ज मेघा भठला ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ उन्हें अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। अंत में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को कड़ाह प्रसाद की देग वितरित की गई।

### स्टाफ को आग से बचाव के तरीके बताए

**कुरुक्षेत्र।** लोकनायक जय प्रकाश नागरिक हस्पताल कुरुक्षेत्र के डॉ गुरप्रीत सिंह ने बताया कि हस्पताल के कार्यरत स्टाफ व कर्मचारियों को दमकल केंद्र कुरुक्षेत्र के मास्टर ट्रेनर एफएम गुरप्रीत सिंह ने आग के प्रकार व आग बुझाने के तरीकों के बारे में जानकारी देने के साथ ही सभी कर्मचारियों को आग से बचने और बचाने की ट्रेनिंग दी। दमकल की गाड़ी आने से पहले क्या क्या सावधानियां बरत कर जान माल की रक्षा की जा सकती है यह भी बताया। अस्पताल परिसर में कैसे आग को बुझाया जाए इस बारे में संपूर्ण जानकारी दी। इस संदर्भ में एक मॉक ड्रिल भी की गई जिसमें अगर आपातकाल समय में कहीं भी आग लग जाती है तो उसको कैसे बुझाया जाता है। दमकल केंद्र के मास्टर ट्रेनर गुरप्रीत सिंह ने कहा कि आग से जान माल का कोई नुकसान ना हो इससे सावधान रहना चाहिए।

**तैयारी** | कार्यशाला का उद्देश्य है खंड स्तरीय प्रशिक्षण को सफल बनाना

## निपुण मिशन प्रशिक्षण हो रोचक एवं सार्थक : विनोद कौशिक

**प्रशिक्षकों के साथ-साथ प्रशिक्षण ले रहे अध्यापकों की भी सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम रोचक व सार्थक होने के साथ लक्ष्य केन्द्रित होना चाहिए। प्रशिक्षकों के साथ-साथ प्रशिक्षण ले रहे अध्यापकों की भी सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। गुरुवार को डाइट कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यशाला में डीईईओ कौशिक ने कहा कि इस वर्ष से निपुण हरियाणा मिशन के तहत चौथी व पांचवीं कक्षा में भी प्रारम्भ किया जा रहा है। विभागीय निदेर्शानुसार 8 अप्रैल से जिलेभर में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होंगे तथा खंड स्तर पर सम्पन्न होंगे। हर




प्राथमिक अध्यापक को यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने अध्यापकों से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण को गम्भीरता से लें जिससे निपुण कार्यक्रम सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा सकेगा।

डाइट प्रिंसिपल संतोष शर्मा ने कार्यशाला की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता अर्थात एफएलएन से संबंधित कार्यशाला में कक्षा चार और पांच में एफएलएन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कुरुक्षेत्र के सभी की रिसोर्स पर्सन ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य 8 अप्रैल से शुरू होने जा रहे खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी एवं सफल बनाना है। उन्होंने सभी ट्रेनर्स को आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में सभी एफएलएन खंड संयोजक, अपर्णा, विद्याधन, डॉ रघुवीर तनेजा, सोनिया अग्रवाल, जयदेव आर्य, डॉ श्याम चरण, धर्मेंद्र, डॉ रामगोपाल, डॉ संजीव कुमार एवं डॉ राजेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

